पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में होलीकोत्सव का आयोजन

मुख्यमंत्री ने भी शिरकत की

भातखण्डे के कलाकारों ने प्रस्तुति दी

लखनऊः 14 मार्च, 2015

होली के उपलक्ष्य में राजभवन में आज भातखण्डे संगीत संस्थान सम विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा लोकनृत्य व संगीत प्रस्तृति की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक एवं मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर राजनैतिक पेंशन मंत्री, श्री राजेन्द्र चैधरी, पूर्व मुख्यमंत्री एन0डी0 तिवारी, पूर्व मंत्री श्री नरेश चन्द्रा, योजना आयोग के अध्यक्ष, श्री एन0सी0 बाजपेई, सूचना आयुक्त श्री हाफिज उस्मान व स्वदेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस, सेना के अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर सबको होली की बधाई दी तथा आने वाले भारतीय नवसंवत्सर की भी बधाई देते हुये उनके सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर भातखण्डे संगीत संस्थान के छात्र कलाकारों ने राग किरवानी व राग जन संमोहनी का एक वाद्य वृन्द प्रस्तुत किया। होली मिलन कार्यक्रम में भातखण्डें संगीत संस्थान के नवोदित कलाकारों ने गिद्दा नृत्य व होली पर आधारित अन्य नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कुलपति, श्रीमती श्रुति सडोलीकर काटकर का शास्त्रीय गायन रहा।

राज भवन

प्रशासनिक अधिकारीगण